SINCE 1974

युवक बिरादरी

# सुवर्ण महोत्सवी बिरादरी अभियान (2024-2025)

YUVAK BIRADARI (BHARAT)

★ 1974 -2024 ★

Golden Jubilee year

# 50 Years of Glory

# Super 50

मान्यवर ,

शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में सैकड़ो की संख्या में विश्वविद्यालय वह हजारों की संख्या में महाविद्यालय आज कार्यरत हैं । इन संस्थात्मक कार्यों की स्वप्नपूर्ति हेतु अपनी संस्था अग्रणी हो, इस उद्देश्य से अपनी संस्था के शैक्षणिक कार्यों के पूरक तथा देश व समाज को आवश्यक गुणों के विकास की दिशा में स्वयंसेवी भूमिका के साथ युवक बिरादरी ( भारत) आपको यह प्रस्ताव सादर कर रही है । आपके नगर व शिक्षण संस्था के 16 से 28 वर्षीय आयु मर्यादा के विद्यार्थियों में से लिखित व मौखिक परीक्षण द्वारा 50 विद्यार्थियों का चयन करते हुए ' सुपर - 50 ' संकल्पना अंतर्गत इस प्रस्तावित योजना को साकार किया जा सकेगा।

विविध विषयों अंतर्गत साक्षरता,दूरदर्शिता, सर्वसमावेशकता, प्रगतिशीलता, गुण ग्राहकता, कलात्मकता, संवेदनशीलता व रसिकता जैसे गुणों के उत्सर्जन हेतु मानवीय मूल्यों को समझने वाली...घरेलूपन को सहेजने वाली...वसुंधरा संरक्षण का लक्ष्य रखने वाली....निरंतर बढ़ती स्पर्धा के समक्ष उत्सर्जित तनाव व बढ़ती व्यसनाधीनता को परावृत्त करती... परिवार व संस्था के गौरव को प्रतिष्ठित करने वाली इस ' सुपर - 50 ' विशेष योजना को सफल बनाने के लिए आपके सहयोग / सहकार्य/ भागीदारी हेतु हम आवाहन करते हैं। हमें विश्वास है कि यह ' सुपर - 50 ' अभियान व्यक्तित्व, नेतृत्व व दायित्व जैसे गुणों के विकास को प्राधान्य देते हुए, सामाजिक भूख की पूर्ति करने वाली विविध क्षेत्रीय विश्वास को अर्जित करते हुए... नई शैक्षणिक नीतियों के पूरक भावी पीढ़ी के निर्माण का द्योतक होगा।

युवक बिरादरी (भारत) द्वारा उपरोक्त ' सुपर - 50' योजना को देश के विविध नगरों व संस्थाओं के साथ मिलकर करीब 50 स्थलों पर आयोजित करने का प्रयास किया जा रहा है। आपके सहयोग के साथ संयुक्त प्रयास के धरातल पर इस प्रशिक्षणात्मक व स्पर्धात्मक अभियान द्वारा समाज में नए युवा ' अग्रदूत ' निर्माण करना हमारा उद्देश्य, अभीष्ट व संकल्प है। सुपर 50 योजना में सहभागिता हेतु इच्छुक सभी संस्थाओं द्वारा 12 मार्च से 05 जून 2024 तक इच्छा - पत्र प्राप्त होना अपेक्षित है। प्राप्त इच्छा - पत्रों के आधार पर विविध पांच राज्यों के करीब 25 जनपदों में यह योजना कार्यान्वित की जाएगी। हम देश के युवाओं के रचनात्मक सहभागिता का आवाहन करते हैं |

❀ स्नेहांकित ❀


| अभिषेक बच्चन | डॉ.राम चड्डा | स्वर क्रांति |
|---|---|---|
| प्रेसिडेंट | चेयरपर्सन | ट्रस्टी / डायरेक्टर |


रजिस्ट्रेशन और विशेष जानकारी हेतु युवक बिरादरी (भारत) के निम्न संकेत स्थलों पर संपर्क करें...


YUVAK BIRADARI (BHARAT)
Hazarimal Somani Marg, Fort, Mumbai - 400 001.
Website : www.biradari.org | Email : info@biradari.org | ☏: +91 93211 27071



# युवा नेतृत्व प्रशिक्षण



अपने स्थापना वर्ष 1974 से युवक बिरादरी (भारत) द्वारा अन्य गणमान्य संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में राज्य व राष्ट्र स्तर पर अनवरत चलाया जाने वाला अभियान युवा स्नेह छावनी : लीडरशिप ट्रेनिंग प्रॉजेक्ट एक महत्वपूर्ण व स्तुत्य कार्यक्रम रहा है। पांच रात्रि - दिवस चलनेवाली ये निवासी कार्यशालाएं , युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मंच प्रदान करती रही हैं... । इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बिरादरी अपने इस स्वर्ण महोत्सवी वर्ष में एक नए स्वरूप में इन बहुप्रतीक्षित शिविरों का आयोजन करने के लिए तत्पर है..!

आज जब युवा अपने सपनों की पूर्ति के लिए किए जाने वाले प्रयासों के तहत प्रतिदिन नित नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं विविध क्षेत्रों में पदार्पण करते समय उनसे उनके ज्ञान व गुणों की कसौटी पर खरा उतरने की अपेक्षा रहती है ...जहाँ किसी विशिष्ट स्थान पर पहुंचने की महत्वाकांक्षा के साथ गतिशील प्रत्येक युवा को सर्व समावेशी सोच व जय जगत घोष के आधार पर व्यक्तित्व, नेतृत्व व दायित्व के बारे में अपना परिचय देना होता है | इस परिप्रेक्ष्य में सदा मैत्री, बंधुभाव व भावनिक एकता के लिए सहनिवास व साहचर्यपूर्ण नियोजित ये युवा कार्यशालाएं तरुणाई के जीवन में एक अहम भूमिका अदा करती हैं ... जहां उनके नेतृत्व गुणों के संवर्धन की दिशा में लोकतांत्रिक मूल्य, वैचारिक दृष्टिकोण, दूरदर्शिता, निर्णय क्षमता व समस्या समाधान के संदर्भ में उनकी भूमिका, वक्तृत्व-संवाद /शैली जैसे विविध गुणों के विकास हेतु मार्गदर्शन व प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस संदर्भ में Ethical Leadership, Innovation Capabilities, Art and Literature Appreciation, Vision Building and Goal Setting, Networking, Forming Team, Planning, Study Tour जैसे प्रयुक्त माध्यम उन्हें सक्षम बनाते हैं ... अर्थात् व्याख्यान सत्र - चर्चा, वाद - संवाद, व्यक्तिगत मूल्यांकन, युवा संसद, प्रतिभा शोध व एक सुर एक ताल के साथ ही पर्यटन को भी समाविष्ट किया जाता है। उदाहरणार्थ जहां ' एलोरा मीट -' विश्वविख्यात शिल्प कला का अनूठा दर्शन कराती है वहीं...'ताज मीट' बृज भूमि से लेकर मुगलकालीन इतिहास, प्रेम - प्रतीक व श्रेष्ठ रचनाकारों गालिब व सूरदास की भूमि से युवाओं को रू-ब-रू कराती है ।

---

1








ताज-मीट (आगरा- यू. पी.) 28 सितम्बर
सुबह 11:00 से 03 अक्तूबर 2024
सुबह 10:00 बजे तक

2








एलोरा- मीट (औरंगाबाद-महाराष्ट्र)
21 दिसम्बर सुबह 11:00 से
26 दिसम्बर 2024 सुबह 10:00 बजे तक

3







वसुंधरा-मीट (स्थल घोषणा 26 जून) 11 अगस्त सुबह 11:00 से 15 अगस्त 2024 सुबह 10:00 बजे तक । वृक्षस्नेह संस्कार के रूप में श्रम-प्रतिष्ठा के धरातल पर 'हिरवे आंगन वनराई घरपन अभियान'।

4



थियेटर राइटर मीट (स्थल घोषणा 26 जून) 15 अगस्त सुबह 11:00 से 20 अगस्त 2024 सुबह 10:00 तक । कल के कलाकार- रंगकर्मी-कवि-रचनाकार - साहित्यकार निर्माण हेतु पाँच दिवसीय निवासी कार्यशाला।